# 4. वायु

**अभ्यास-प्रश्नावली**

**प्रश्न : 1 निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिए –**

**(i) वायुमंडल क्या हैं?**

**उत्तर :** हमारी पृथ्वी चारो और से वायु की घनी चादर से घिरी हुई हैं, जिसे वायुमंडल कहते हैं|

**(ii) वायुमंडल का अधिकतर भाग किन दो गैसों से बना हैं?**

**उत्तर :** (i) नाइट्रोजन (ii) ऑक्सीजन |

**(iii) वायुमंडल में कौन-सी गैस हरित गृह प्रभाव पैदा करती हैं?**

**उत्तर :** कार्बन डाइऑक्साइड |

**(iv) मौसम किसे कहते हैं?**

**उत्तर :** मौसम , वायुमंडल , की प्रत्येक घंटे तथा दिन-प्रतिदिन की स्थिति होती हैं|

**(v) वर्षा के तीन प्रकार लिखें |**

**उत्तर :**

(i) संवहनीय वर्षा

(ii) पर्वतीय वर्षा एवं

(iii) चक्रवाती वर्षा |

**प्रश्न : 2 सही उत्तर पर सही का निशान लगाइए –**

**(i) निम्नलिखित में से कौन-सी गैस हमें सूर्य की हानिकारक गैसों से बचाती हैं?**

**उत्तर :** (ग) ओज़ोन

**(ii) वायुमंडल की सबसे महत्वपूर्ण परत हैं**

**उत्तर :** (क) शोभमंडल |

**(iii) वायुमंडल की निम्न परतों में से कौन-सी बादल विहीन हैं?**

**उत्तर :** (ख) समतापमंडल |

**(iv) वायुमंडल परतों में जब हम ऊपर जाते हैं तब वायुदाब –**

**उत्तर :** (ख) घटता हैं|

**(v) जब वृष्टि तरल रूप में पृथ्वी पर आती हैं, उसे हम कहते हैं–**

**उत्तर :** (ख) वर्षा

**प्रश्न : 3 निम्नलिखित स्तंभों को मिलाकर सही जोड़े बनाइए –**

| | |
|---|---|
| **(i) व्यापारिक पवने** | **(क) मौसमी पवन** |
| **(ii) लू** | **(ख) पवन की क्षैतिज गति** |
| **(iii) मानसून** | **(ग) स्थायी पवन** |
| **(iv) पवन** | **(घ) स्थानीय पवन** |

**उत्तर :**

(i) (ग)

(ii) (घ)

(iii) (क)

(iv) (ख)

**प्रश्न : 4 कारण बताइए –**

**(i) आर्द्र दिन में गिले कपडे सुखने में अधिक समय लेते हैं|**

**उत्तर :** क्योकि आर्द्र दिन में वायु में जलवाष्प की मात्रा अत्यधिक होती हैं| इसलिए वायु में गिले कपडो से आर्द्रता सोखने की क्षमता कम होती हैं| यानि की वाष्पीकरण कि८ दर कम होती हैं|

**(ii) भूमध्य रेखा से ध्रुवो कि ओर जाने पर आतपन की मात्रा घटती जाती हैं|**

**उत्तर :** क्योकि भूमध्य रेखा पर सूर्य की किरणे सीधी पड़ती हैंजबकि ध्रुवो की ओर सूर्य किरणे तिरछी पड़ती हैं|

**अतिरिक्त-प्रश्नोत्तर**

**प्रश्न 1 : कार्बन डाइऑक्साइड को ग्रीन हाउस गैस क्यों कहते हैं?**

**उत्तर :** कार्बन डाइऑक्साइड वायुमंडल में फौल कर पृथ्वी से विकरित उष्मा को पृथ्वी पर रोककर ग्रीन हाउस प्रभाव पैदा करती हैं| इसलिए इसे ग्रीन हाउस गैस भी कहते हैं|

**प्रश्न 2 : वैश्विक उष्मन (ग्लोबल वार्मिंग ) क्या हैं ?**

**उत्तर :** जब कारखानों एवं वाहनों के धुएं से वायुमंडल में इसका स्तर बढता हैं| तब इस उष्मा के द्वारा पृथ्वी का तापमान बढता हैंइसे भूमंडलीय तापन या वैश्विक उष्मन (ग्लोबल वार्मिंग) कहते हैं|

**प्रश्न 3 : ओज़ोन गैस किस प्रकार हमारे लिए महत्वपूर्ण हैं?**

**उत्तर :** ओज़ोन गैस हमारी पृथ्वी के चारो ओर एक सुरक्षा परत बनाती हैं| यह सूर्य की हानिकारक पराबैगनी किरणों को पृथ्वी पर आने से रोकती हैं | ये हानिकारण किरणें बहुत सी चर्म की बीमारियाँ जैसे कैंसर आदि रोग उत्पन्न करती हैं |

**प्रश्न : 4 वायुमंडल की पाँच परतों के नाम बताईए ?**

**उत्तर :**

(i) क्षोभमंडक

(ii) समताप मंडल

(iii) मध्येमंडल

(iv) बाह्य्मंडल

(v) बहिर्मंडल |

**प्रश्न : आयनमंडल किस परत का एक भाग हैं?**

**उत्तर :** आयनमंडल बह्यामंडल का एक भाग हैं|